


PRATHAM BOOKS
A Book in Every Child's Hand

पठन स्तर ३

# जब मैं बड़ी हो जाऊँगी

**Author:** Priyadarshini Gogoi
**Illustrator:** Tarique Aziz
**Translator:** Sadaf Jafar

जब मैं बड़ी हो जाऊँगी तब मैं बहुत सारी
चीज़ों का निर्माण करूँगी।
बड़ी और छोटी चीज़ें, अजीब और हैरान
करने वाली चीज़ें।




**मैं उन सबके निर्माण में विज्ञान का प्रयोग करूँगी।**





सबसे पहले मैं एक सेतु का निर्माण करूँगी। फिर मैं एक ऊँचा-सा मीनार बनाऊँगी। फिर मैं दुनिया की सबसे लम्बी सड़क बनाऊँगी। जो मेरे कमरे से शुरू होकर सीधा चाँद तक जाएगी!


जब मैं इन संरचनाओं का निर्माण करूँगी,
**मैं सिविल इंजीनियर बन जाऊँगी।**



मैं इंजन का भी निर्माण करूँगी। कुछ इंजन रॉकेट में लगाये जायेंगे और कुछ हवाई जहाज़ में।

ये हवाई जहाज़ हमें कई देशों के सफ़र पर ले जायेंगे और रॉकेट हमें सीधा मंगल ग्रह पर ले जायेगा। मेरी सारी यात्राओं पर मेरी अनैडेउ यानी नानी भी साथ चलेंगी!

जब मैं उड़ान भरने के लिए सहायक इंजन का निर्माण करूँगी,
**तो मैं एक एयरोस्पेस इंजीनियर बन जाऊँगी।**



मैं समुन्दर के भीतर यात्रा करने वाला वाहन बनाऊँगी। वो इस्पात और लोहे का बना होगा और बहुत तेज़ी से सफ़र तय करेगा। हम विभिन्न मछलियों, शार्क और ह्वेल के साथ तैरेंगे।

“धीरे चलो, पापोरी!” अनैडेउ कहेंगी, मगर मन ही मन वो भी इस सफ़र का आनंद लेंगी।

जब मैं पनडुब्बियों का निर्माण करूँगी,
**मैं मरीन इंजीनियर बन जाऊँगी।**

मगर मैं सिर्फ़ इतने पर नहीं रुकूँगी, मैं छोटे कणों से बिजली का उत्पादन करूँगी। एक नन्हा सा कण पूरे गाँव को रोशन कर देगा। अनैडेउ तो इतनी खुश हो जाएंगी कि बड़े भोज का आयोजन कर देंगी!

जब मैं ऐसे ऊर्जा का उत्पादन करूँगी, **मैं न्यूक्लीयर इंजीनियर बन जाऊँगी।**





मैं इतने में नहीं थमूँगी!
मैं एक रोबोट भी बनाऊँगी।
उसका नाम होगा गोगो।




गोगो और मैं कई रोमांचक काम साथ मिलकर करेंगे।
हम दीवारों को रंगेंगे और बर्तन भी धोयेंगे।
हम अनैडेउ के लिए बहुत सारी मछलियाँ भी पकड़ेंगे।

जब मैं रोबोट का निर्माण करूँगी,
**मैं रोबोटिक इंजीनियर बन जाऊँगी।**



गोगो और मैं एक फ़ायरवॉल यानी कंप्यूटर प्रणाली के लिए सुरक्षा कवच का निर्माण करेंगे। वह कंप्यूटर और इंटरनेट प्रणाली से अन्य लोगों की गोपनीय जानकारी को बुरे लोगों द्वारा चुराए जाने से बचाएगा। मैं एक सुपर हीरो जैसी बन जाऊँगी! अनैडेउ को मुझ पर कितना गर्व होगा।



जब मैं कंप्यूटरों की सुरक्षा करूँगी,

**तो मैं एक साईबर सिक्योरिटी इंजीनियर बन जाऊँगी।**



मैं समुद्र को साफ़ करने के लिए एक
यंत्र बनाऊँगी और एक हवा को साफ़
करने के लिए भी।
सारे प्राणी स्वस्थ रह पायेंगे और लोगों
को साँस लेने में असुविधा नहीं होगी।

मैं अपने यंत्रों से धरती की रक्षा करूँगी!

जब मैं धरती को साफ़ करने के लिए
यन्त्र बनाऊँगी,
**मैं एनवायर्नमेंटल इंजीनियर बन
जाऊँगी।**



मैं पेमपेम के लिए एक नया कान बनाऊँगी (उसका कान एक लड़ाई में कट जो गया है...गर्रर)। फिर मैं अनैडेउ के लिए नये दाँतों का एक सेट बनाऊँगी। अंत में अपने लिए पंख भी बनाऊँगी!

जब मैं शरीर के कृत्रिम अंगों का निर्माण करूँगी,
**तो मैं एक बायोमेडिकल इंजीनियर बन जाऊँगी।**

निर्माण करने के लिए और अधिक चीज़ों की तलाश में मैं धरती के ऊपर एक ऊँची उड़ान भरूँगी!



**इंजीनियर हमारी दुनिया की सभी वस्तुओं का निर्माण करते हैं।**

इंजीनियर हमारे आस-पास की दुनिया के निर्माण की योजनाएं बनाते हैं, उनको आकार देते हैं और प्रारूप तैयार करते हैं। वे कंप्यूटरों, मशीनों, संरचनाओं और सामग्रियों का निर्माण करते हैं जो हमारे जीवन को आसान बनाते हैं। आपके घर में टेलीविज़न का निर्माण किसने किया था? सड़कों पर कारों और बसों का? अस्पतालों में एक्स-रे मशीन का? इन सब चीज़ों की योजना और निर्माण के पीछे इंजीनियर ही तो थे!

storyweaver PRATHAM BOOKS

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

## Story Attribution:

This story: जब मैं बड़ी हो जाऊँगी is translated by Sadaf Jafar . The © for this translation lies with Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Based on Original story: 'When I Grow Up', by Priyadarshini Gogoi . © Pratham Books , 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

## Other Credits:

'Jab Main Badi Ho Jaungi' has been published on StoryWeaver by Pratham Books. The development of this book has been supported by CISCO. www.prathambooks.org.

## Images Attributions:

Cover page: A girl with a toolbox and hardhat surrounded by buildings, a highway, a rocket and a robot by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 2: A girl is building a windmill with some tools, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 3: Various objects like a rocket, road, periscope, drawer of tools, spaceship lying around by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 4: A girl riding a tricycle down a road from earth to the moon, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 5: A girl and her grandmother flying in a rocket to Mars by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 6: A girl and her grandmother underwater in a submarine, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 7: A girl generates electricity through atomic energy for her village, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 8: A girl builds a robot and goes fishing, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 9: A girl and her robot spot a thief on a computer, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license. Page 10: A girl controls robot arms to clean the earth, by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

CC BY

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

CISCO. A Corporate Social Responsibility Initiative

The development of this book has been supported by CISCO. www.prathambooks.org

PRATHAM BOOKS storyweaver

This book was made possible by Pratham Books' StoryWeaver platform. Content under Creative Commons licenses can be downloaded, translated and can even be used to create new stories - provided you give appropriate credit, and indicate if changes were made. To know more about this, and the full terms of use and attribution, please visit the following link.

Images Attributions:

Page 11: A girl soars through the sky with artificial wings by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.
Page 12: A girl with a hardhat stands in front of objects made by man by Tarique Aziz © Pratham Books, 2020. Some rights reserved. Released under CC BY 4.0 license.

Disclaimer: https://www.storyweaver.org.in/terms_and_conditions

Some rights reserved. This book is CC-BY-4.0 licensed. You can copy, modify, distribute and perform the work, even for commercial purposes, all without asking permission. For full terms of use and attribution, http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/

CISCO A Corporate Social Responsibility Initiative

The development of this book has been supported by CISCO. www.prathambooks.org

# जब मैं बड़ी हो जाऊँगी

(Hindi)

मेरा नाम पापोरी है, बड़ी होकर मैं इंजीनियर बनूँगी। इस पुस्तक में वो सारी चीज़ें हैं जिनका मैं बड़े होकर निर्माण करूँगी। इसमें न सिर्फ़ बड़े-बड़े शब्द हैं, जो मुझे अच्छे लगते हैं बल्कि बहुत सारा रोमांच भी है। तो आ जाइये इस सफ़र में मेरे साथ!

This is a Level 3 book for children who are ready to read on their own.

PRATHAM BOOKS
storyweaver

Pratham Books goes digital to weave a whole new chapter in the realm of multilingual children's stories. Knitting together children, authors, illustrators and publishers. Folding in teachers, and translators. To create a rich fabric of openly licensed multilingual stories for the children of India and the world. Our unique online platform, StoryWeaver, is a playground where children, parents, teachers and librarians can get creative. Come, start weaving today, and help us get a book in every child's hand!